हम से संपर्क कैसे करें

taxombudsman.gov.au

1300 44 88 29 (स्थानीय कॉल शुल्क लागू)

enquiries@taxombudsman.gov.au

GPO Box 551, Sydney NSW 2001

नि:शुल्क अनुवाद और दुभाषिया सेवाओं के लिए, **131 450** पर कॉल करें और **1300 44 88 29** के लिए कहें।

यदि आप बधिर हैं, आपको कम सुनाई देता है, या आपको बोलने या बातचीत करने में कठिनाई होती है, तो कृपया सहायता के लिए **accesshub.gov.au** पर जाएं।

टैक्स संबंधी शिकायतें?

हम ऑस्ट्रेलिया की टैक्स और सुपरएनुएशन प्रणालियों को निष्पक्ष बनाने में मदद करते हैं।

हम ऑस्ट्रेलियाई कराधान कार्यालय (Australian Taxation Office, ATO) और कर व्यवसायी बोर्ड (Tax Practitioners Board, TPB) के खिलाफ शिकायतों की जांच करते हैं और उनका समाधान करने में सहायता करते हैं।

Hindi | हिन्दी

Tax Ombudsman

शिकायत कैसे करें

हम आपकी मदद कर पाएं, उससे पहले आपको ATO या TPB के पास शिकायत दर्ज करनी होगी।

शिकायत दर्ज करने के लिए, **taxombudsman.gov.au** पर जाएं और "**Lodge a complaint (शिकायत दर्ज करें)**" चुनें।

एक जांच अधिकारी 2 कार्य दिवसों के भीतर आपसे संपर्क करके आपकी शिकायत की पुष्टि करेगा और आगे की कार्रवाईयों के बारे में आपसे बात करेगा।

हम आपकी सहायता कैसे कर सकते हैं

यदि आपको लगता है कि ATO या TPB ने आपके साथ अनुचित या तर्कहीन व्यवहार किया है, तो आप हमसे संपर्क कर सकते हैं। हम निम्नलिखित मामलों से जुड़ी शिकायतों में सहायता कर सकते हैं:

- टैक्स रिफंड (कर वापसी) या भुगतानों में विलंब
- खराब सेवा या अनुचित व्यवहार
- कर संबंधी कर्ज़ या ऋण वसूली
- भुगतान योजनाएं या ब्याज शुल्क
- वित्तीय कठिनाई व्यवस्थाएँ
- सुपरएनुएशन गारंटी भुगतान का न मिलना
- कंपनी कर संबंधी कर्ज़ या डॉयरेक्टर पेनल्टी नोटिस।

हमारी सेवा निःशुल्क और स्वतंत्र है।

यदि आपको पक्का पता नहीं हैं कि हम आपकी सहायता कर सकते हैं या नहीं, तो कृपया हमसे संपर्क करें।

यदि आपका मामला हमारी भूमिका से परे है, तो हम आपको सहायता के लिए सही संगठन तक पहुँचाने का प्रयास करेंगे।

हम आपके टैक्स रिटर्न या आपके द्वारा देय टैक्स की राशि के बारे में सलाह नहीं दे सकते हैं।